**<u>प्रेस प्रकाशनी</u>**

संसद का शीतकालीन सत्र, 2011, जो मंगलवार, 22 नवंबर, 2011 को आरंभ हुआ था, गुरूवार, 29 दिसंबर, 2011 को समाप्त हो गया। सत्र को पहले बुधवार, 21 दिसंबर, 2011 को समाप्त होना था परंतु अत्यावश्यक सरकारी विधायी कार्य निपटाने के लिए दोनों सदनों की बैठकों को गुरूवार, 29 दिसंबर, 2011 तक बढ़ा दिया गया। सत्र के दौरान 38 दिन की अवधि में कुल 24 बैठकें हुईं।

2. सत्र के दौरान, लोक सभा द्वारा वर्ष 2011-12 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों (सामान्य और रेल) और उनसे संबंधित विनियोग विधेयकों पर चर्चा की गई और उन्हें पारित किया गया। तत्पश्चात राज्य सभा द्वारा विनियोग विधेयकों पर विचार किया गया और लौटाया गया।

3. लोक सभा में दिनांक 14.12.2011 को श्री लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा "विदेशी बैंकों में अवैध रूप से जमा धन और दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई से उत्पन्न स्थिति" पर लाए गए स्थगन प्रस्ताव पर लगभग 6 घंटे तक चर्चा हुई। यह प्रस्ताव ध्वनि मत से अस्वीकृत कर दिया गया।

4. राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित अध्यादेश अर्थात केबल टेलीविजन तंत्र (विनियमन) संशोधन अध्यादेश, 2011 को प्रतिस्थापित करने वाले एक विधेयक पर सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों द्वारा विचार किया गया और उसे पारित किया गया।

5. लोक सभा में, नियम 193 के अंतर्गत (i) भारत में मुद्रास्फीति की स्थिति; और (ii) गंगा नदी और हिमालय के निर्मम दोहन के कारण उनके अस्तित्व को हो रहे खतरे पर दो अल्पावधि चर्चाएं हुई।

6. राज्य सभा में नियम 176 के अंतर्गत (i) खाद्य और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि; और (ii) देश में किसानों द्वारा आत्महत्या की परिणामी कृषि संबंधी संकटावस्था के संबंध में दो अल्पावधि चर्चाएं हुई। इसके अतिरिक्त, लोक सभा में (i) आईडीबीआई लिमिटेड के कर्मचारियों के वेतन का संशोधन न किए जाने; (ii) सफाई कर्मचारियों (सीवर क्लीनर) के जीवन की सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपायों; और (iii) देश के विभिन्न भागों में, विशेषकर उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार में मस्तिष्क-शोथ और दिमागी बुखार फैलने के संबंध में तीन ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

7. सत्र के दौरान, 30 विधेयक (27 विधेयक लोक सभा में और 3 राज्य सभा में) पुर:स्थापित किए गए। सत्र के दौरान लोक सभा ने 18 विधेयक और राज्य सभा ने 18 विधेयक पारित किए। सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित विधेयकों की कुल संख्या 17 है। सत्र के दौरान पुर:स्थापित किए गए, विचार और पारित किए गए विधेयकों के नामों की सूची परिशिष्ट के रूप में संलग्न है।

**परिशिष्ट**

**पंद्रहवीं लोक सभा के 9वें सत्र और राज्य सभा के 224वें सत्र (शीतकालीन सत्र, 2011) के दौरान निपटाया गया विधायी कार्य**

**I. लोक सभा में पुर:स्थापित विधेयक**

1. सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभागियों की बेदखली) संशोधन विधेयक, 2011
2. केबल टेलीविजन तंत्र (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2011
3. विनियोग (संख्या 4) विधेयक, 2011
4. उत्तर-पूर्व क्षेत्र (पुनर्गठन) संशोधन विधेयक, 2011
5. संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2011
6. भाण्डागार निगम (संशोधन) विधेयक, 2011
7. भारतीय आयात-निर्यात बैंक (संशोधन) विधेयक, 2011
8. खान और खनिज (विकास और विनियमन) विधेयक, 2011
9. आयुध (संशोधन) विधेयक, 2011
10. प्रतिभूति ब्याज का प्रवर्तन और ऋण वसूली विधि (संशोधन) विधेयक, 2011
11. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली विधि (विशेष उपबंध) दूसरा विधेयक, 2011
12. कंपनी विधेयक, 2011
13. केबल टेलीविजन तंत्र (विनियमन) दूसरा संशोधन विधेयक, 2011
14. प्रेस तथा पुस्तकों और प्रकाशनों का रजिस्ट्रीकरण विधेयक, 2011
15. उपभोक्ता संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2011
16. विनियोग (रेल) संख्या 3 विधेयक, 2011
17. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2011
18. सामान और सेवाओं के समयबद्ध वितरण हेतु ग्राहकों का अधिकार और उनकी शिकायतों का निवारण विधेयक, 2011
19. क्षेत्रीय जैव-प्रौद्योगिकी केंद्र विधेयक, 2011
20. राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान विधेयक, 2011
21. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विधेयक, 2011
22. लोकपाल और लोकायुक्त विधेयक, 2011
23. संविधान (116वां संशोधन) विधेयक, 2011
24. धन-शोधन निवारण (संशोधन) विधेयक, 2011
25. संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2011
26. सेवाओं का इलेक्ट्रानिक वितरण विधेयक, 2011
27. विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) संशोधन विधेयक, 2011

## II. लोक सभा द्वारा पारित विधेयक

1. विनियोग (संख्या 4) विधेयक, 2011
2. दामोदर घाटी निगम (संशोधन) विधेयक, 2011
3. नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (संशोधन) विधेयक, 2010
4. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली विधि (विशेष उपबंध) दूसरा विधेयक, 2011
5. जीवन बीमा निगम (संशोधन) विधेयक, 2009
6. पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) संशोधन विधेयक, 2010
7. केबल टेलीविजन तंत्र (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2011
8. विनियोग (रेल) संख्या 3 विधेयक, 2011
9. चार्टड अकांउटेंट (संशोधन) विधेयक, 2011
10. लागत और संकर्म लेखापाल (संशोधन) विधेयक, 2011
11. कंपनी सचिव (संशोधन) विधेयक, 2011
12. संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2011
13. प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) संशोधन विधेयक, 2011
14. आढ़ती विनियमन (प्राप्तव्यों का समनुदेशन) विधेयक, 2011
15. भारतीय आयात-निर्यात बैंक (संशोधन) विधेयक, 2011
16. संविधान (111वां संशोधन) विधेयक, 2009
17. लोकपाल और लोकायुक्त विधेयक, 2011
18. लोक हित प्रकटीकरण और प्रकट करने वाले व्यक्तियों को सुरक्षा विधेयक, 2010

## III. राज्य सभा में पुर:स्थापित विधेयक

1. नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2011
2. राष्ट्रीय मानव संसाधन स्वास्थ्य आयोग विधेयक, 2011
3. उच्च शिक्षा और अनुसंधान विधेयक, 2011

## IV. राज्य सभा द्वारा पारित विधेयक

1. प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) संशोधन विधेयक, 2010
2. चार्टड अकांउटेंट (संशोधन) विधेयक, 2010
3. लागत और संकर्म लेखापाल (संशोधन) विधेयक, 2010
4. कंपनी सचिव (संशोधन) विधेयक, 2010
5. विनियोग (संख्या 4) विधेयक, 2011
6. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली विधि (विशेष उपबंध) दूसरा विधेयक, 2011
7. जीवन बीमा निगम (संशोधन) विधेयक, 2011
8. केबल टेलीविजन तंत्र (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2011

9. दामोदर घाटी निगम (संशोधन) विधेयक, 2011
10. पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) संशोधन विधेयक, 2011
11. वैज्ञानिक और नवीन अनुसंधान अकादमी विधेयक, 2011
12. संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2011
13. विनियोग (रेल) संख्या 3 विधेयक, 2011
14. रेल संपत्ति (विधिविरूद्ध कब्जा) संशोधन विधेयक, 2008
15. नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (संशोधन) विधेयक, 2011
16. आढ़ती विनियमन विधेयक, 2011
17. भारतीय आयात-निर्यात बैंक (संशोधन) विधेयक, 2011
18. संविधान (111वां संशोधन) विधेयक, 2011

**V. दोनों सदनों द्वारा पारित विधेयक**

1. विनियोग (संख्या 4) विधेयक, 2011
2. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली विधि (विशेष उपबंध) दूसरा विधेयक, 2011
3. जीवन बीमा निगम (संशोधन) विधेयक, 2011
4. चार्टड अकांउटेंट (संशोधन) विधेयक, 2011
5. लागत और संकर्म लेखापाल (संशोधन) विधेयक, 2011
6. कंपनी सचिव (संशोधन) विधेयक, 2011
7. केबल टेलीविजन तंत्र (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2011
8. दामोदर घाटी निगम (संशोधन) विधेयक, 2011
9. प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) संशोधन विधेयक, 2011
10. पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) संशोधन विधेयक, 2011
11. वैज्ञानिक और नवीन अनुसंधान अकादमी विधेयक, 2011
12. संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2011
13. विनियोग (रेल) संख्या 3 विधेयक, 2011
14. नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (संशोधन) विधेयक, 2011
15. आढ़ती विनियमन विधेयक, 2011
16. भारतीय आयात-निर्यात बैंक (संशोधन) विधेयक, 2011
17. संविधान (111वां संशोधन) विधेयक, 2011

**VI. लोक सभा में वापिस लिए गए विधेयक**

1. कंपनी विधेयक, 2009
2. लोकपाल विधेयक, 2011

****